# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांक :.1809 /प0सा0/2016 दिनांक : 04–08–2016

## सूचना

### (वर्ष–2016 परीक्षा की छूटी प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा हेतु)

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि कुलपति महोदय के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0एस–सी0 (कृषि)/बी0कॉम0 तथा एम0ए0/एम0कॉम0/एम0एस–सी0/एम0एस–सी0 (कृषि) **वर्ष–2016 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित जिन अभ्यर्थियों की प्रायोगिक परीक्षा छूट गयी है उनकी प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा हेतु** मैनुअल परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के प्रशासकीय भवन स्थित लेखा अनुभाग, के काउण्टर पर जमा करने हेतु तिथि **निम्नवत निर्धारित की जाती है :–**

| | |
|---|---|
| मैनुअल परीक्षा फार्म भरने एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के प्रशासकीय भवन स्थित लेखा अनुभाग, के काउण्टर पर जमा करने की तिथि | दिनांक 06/08/2016 से 22/08/2016 तक |
| सम्पूरित परीक्षा फार्म परीक्षा सामान्य अनुभाग में जमा करने की तिथि | दिनांक 06/08/2016 से 22/08/2016 तक |

### निर्धारित परीक्षा शुल्क

**प्रत्येक अभ्यर्थी के एक कक्षा की एकविषय के प्रायोगिक परीक्षा हेतु रू. 2500.00(रू. दो हजार पांच सौ)**

**प्रत्येक अभ्यर्थी के एक कक्षा की दो विषय के प्रायोगिक परीक्षा हेतु रू0 4000.00(रू0 चार हजार )**

**प्रत्येक अभ्यर्थी के एक कक्षा की तीन विषय के प्रायोगिक परीक्षा हेतु रू0 5000.00(रू0 पांच हजार)**

वर्ष–2016 परीक्षा में जिन अभ्यर्थियों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा छूट गई है, ऐसे अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugorakhpuruniversity.in पर मैनुअल फार्म डाउनलोड कर अथवा परीक्षा सामान्य कार्यालय से प्राप्त कर फार्म के साथ परीक्षा, 2016 में सम्मिलित होने का प्रवेशपत्र एवं अंकतालिका की छायाप्रति संलग्न कर, सम्पूरित परीक्षा फार्म सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य से अग्रसारित करा कर, उपरोक्त निर्धारित तिथि तक लेखा विभाग में निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त शुल्क रसीद के साथ अलग–अलग विषय का फार्म दिनांक 22/08/2016 तक विश्वविद्यालय के परीक्षा सामान्य कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं जमा किया जायेगा।

**नोट–छूटी प्रायोगिक परीक्षा हेतु मैनुअल फार्म विश्वविद्यालय के प्रशाशकीय भवन स्थित परीक्षा सामान्य कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।**

04/08/16

परीक्षा नियंत्रक